दिनांक- 4 दिसंबर 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ व सुंदर भिलाई

आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने सफाई व्यवस्था को लेकर किया निरीक्षण , सफाई कार्य को गंभीरता से लेकर करने अधिकारियों को दिए निर्देश

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने आज प्रातः 6:00 बजे से तीन दर्शन मंदिर के पास 18 नंबर गली में सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया! कचरा सड़क पर डालने की शिकायत आसपास के मोहल्ले वासियों ने की थी जिस पर आयुक्त स्वयं इस स्थल का जायजा लेने 18 नंबर रोड में पहुंचे जहां पर शिकायतकर्ता ने कचरा किसी के द्वारा सड़क पर डालने ध्यान आकृष्ट कराया! श्री रघुवंशी ने सड़क पर कचरा डालने वाले का पता लगाकर कार्यवाही करने के निर्देश जोन के अधिकारियों को दिए हैं! निरीक्षण के दौरान नल के पाइप को खुला छोड़ देने पर व्यर्थ जल बहाव को देखकर रहवासी को समझाइश दी गई कि पानी व्यर्थ न बहाए! गली मोहल्ले का सघन निरीक्षण करते हुए यह देखा गया कि कई जगह पर मकान एवं दुकान निर्माणाधीन है जिसकी अनुमति सक्षम प्राधिकारी से ली गई है या नहीं इसके निरीक्षण करने के आदेश जोन एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिए गए हैं! आयुक्त महोदय आज अपने निरीक्षण के दौरान रिसाली आजाद मार्केट एवं प्रगति नगर क्षेत्र में पहुंचे जहां पर उन्होंने सी & डी वेस्ट बहुतायत मात्रा में पाया तथा निर्माण एवं विध्वंस से निकले कचरे को हटवाकर सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश जोन आयुक्त जोन क्रमांक 6 को दिए हैं!

जल है तो कल है

जल ही जीवन है!

जनसंपर्क अधिकारी